

# बेगमगंज में पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत

## मां कर्मा देवी की जयंती पर निकली शोभायात्रा



**बेगमगंज, 15 मार्च. बेगमगंज एवं सुल्तानगंज साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जयंती रविवार को धूमधाम से मनाई गई. सुबह प्रभात फेरी के बाद मां कर्मा देवी की आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई. यह शोभायात्रा रामनगर दशहरा मैदान स्थित मां कर्मा देवी मंदिर से गाजे-बाजों , डीजे की सुमधुर धुन के साथ प्रारंभ हुई, जो नया बस स्टैंड, महाराणा प्रताप रोड, गांधी बाजार, गणेश मंदिर, सागरमल की पुलिया, पुराना बस स्टैंड होते हुए वापस दशहरा मैदान स्थित मां कर्मा देवी मंदिर पहुंची. यहां पर विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ उनकी आरती उतारी गई.**

क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत एवं साहू समाज के अध्यक्ष अरविंद साहू सहित अन्य वक्ताओं ने मां कर्मा देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं हुए आदर्श पर चलकर धर्म एवं समाज की निष्पक्ष भाव से सेवा किए जाने का आह्वान किया. बेगमगंज की शोभायात्रा में मथुरा उप्र के राधे - राधे ग्रुप के सदस्यों द्वारा रास नृत्य एवं उज्जैन के सुप्रसिद्ध ढोल-नगाड़े की आकर्षक प्रस्तुति दी गई. श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ मां कर्मा देवी की आरती उतारी गई. शोभायात्रा में बेगमगंज साहू समाज अध्यक्ष अरविंद साहू , कमल साहू ,राम गोपाल साहू, हरि साहू , शैतान साहू, महेश साहू, चंद्रमोहन साहू, विष्णु साहू ,गणेश साहू , मोहन साहू, संजय साहू, भोलाराम साहू, राजकुमार साहू, राधे साहू , राकेश साहू , राकेश साहू ,राजू साहू , मुकेश साहू , सुनील साहू ने अतिथियों का स्वागत किया गया .कार्यक्रम में नगर सहित गांव-गांव से साहू समाज के सैकड़ों बंधुओं के अतिरिक्त अनेक समाजसेवी एवं नेताओं की भागीदारी रही.

# मां कर्मा देवी के आदर्शों को अपनाने का आह्वान

### पूजा-अर्चना के बाद निकली शोभायात्रा

**सिलवानी,15 मार्च. साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाई गई. इस अवसर पर नगर में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:काल साहू समाज धर्मशाला में विधि-विधान के साथ हवन पूजन से हुई. इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की. दोपहर में साहू समाज धर्मशाला से शोभा यात्रा निकाली गई.शोभायात्रा में सुसज्जित रथ पर मां कर्मा देवी की प्रतिमा विराजमान थी. रथ के साथ बड़ी संख्या में समाज के लोग जयकारों, भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों के साथ चल रहे थे. शोभायात्रा साहू समाज धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई भोपाल रोड स्थित रायल मेरिज गार्डन पहुंची, जहां इसका समापन हुआ. नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों द्वारा जगह-जगह मंच लगाकर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया.

श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर मां कर्मा देवी के प्रति श्रद्धा व्यक्त कीं.शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर में भक्तिमय और उत्सवी माहौल देखने को मिला. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.



### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

शोभायात्रा के समापन के पश्चात भोपाल रोड स्थित रायल मेरिज गार्डन में विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम में समाज के वक्ताओं ने मां कर्मा देवी के जीवन, उनके आदर्शों तथा समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत एवं सिलवानी के विधायक देवेंद्र पटेल विशेष रूप से शामिल हुए. उन्होंने समाज के लोगों को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए मां कर्मा देवी के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया. संचालन सीताराम साहू ने किया. नगर साहू समाज अध्यक्ष राजू साहू (ग्राम सेवक)ने आभार व्यक्त किया.पूरे आयोजन को सफल बनाने में नवयुवक साहू मंडल सिलवानी एवं नगर साहू समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## बम्होरी में धूमधाम से मनाई मां कर्मा देवी जयंती

**बम्होरी, 15 मार्च.** बम्होरी में साहू समाज द्वारा मां कर्मा देवी जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई. इस अवसर पर मां कर्मा देवी की शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में डीजे की धुनों, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ समाज के युवक-युवतियां, महिलाएं और बुजुर्ग नाचते-गाते चल रहे थे. शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से निकाली गई. इस दौरान नागरिकों ने जगह-जगह मां कर्मा देवी की पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा का स्वागत किया. कार्यक्रम में शैतान सिंह पाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष पाल महासभा (पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) एवं विधायक देवेंद्र पटेल भी शामिल हुए.

इस दौरान शैतान सिंह पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का लाभ देश के हर वर्ग तक पहुंच रहा है और आज भारत तेजी से आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहा है.उन्होंने समाज के लोगों से एकता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की. उन्होंने कहा कि यदि समाज द्वारा बालिका विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाता है, तो वह उसमें शामिल होकर समाज के इस प्रयास का समर्थन करेंगे. शोभायात्रा अंत में राजनंदिनी स्कूल के पीछे स्थित धर्मशाला प्लॉट पर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां मां कर्मा देवी की विधि-विधान के साथ आरती की गई.

## उदयपुरा में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान

**उदयपुरा, 15 मार्च.नगर साहू समाज समिति के तत्वावधान में स्थानीय मातामंदिर परिसर में स्थित मां कर्मा देवी के मंदिर में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के साथ मां कर्मा देवी की जयंती मनाई गई.**

सर्वप्रथम मां कर्मादेवी की पूजन अर्चन एवं हवन से इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हुई. इसके बाद साहू समाज की महिलाओं ने भजन कीर्तन की प्रस्तुतियां दीं. बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए. कार्यक्रम में साहू समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और समाज के 70वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का समापन मां कर्मादेवी की महाआरती तथा भंडारे के साथ हुआ. इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिक देवीप्रसाद साहू, कंछेदीलाल साहू, घासीराम साहू, ओमप्रकाश साहू, मोहनलाल साहू, रामचरण साहू, बंशीधर साहू, शिवप्रसाद साहू, विश्राम साहू, गुलाबचंद साहू, रमेश साहू, रतन साहू, अशोक साहू, शिबू लाल साहू, प्रदीप साहू भगवानदास साहू ,पुरुषोत्तम साहू, अनिल साहू, गिरजेश साहू,, कैलाश साहू बृजबिहारी साहू बृजेंद्र साहू राजेश साहू शंकर साहू, राहुल साहू सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे. संचालन संदेशकुमार साहू शिक्षक ने किया.





## अंबाड़ी में निकली शोभायात्रा

**सलामतपुर, 15 मार्च.** ग्राम अंबाड़ी में साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई. इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई.शोभायात्रा साहू समाज मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली.यात्रा में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए मां कर्मा देवी के जयकारे लगाते चल रहे थे. कई स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया तथा पुष्प वर्षा की गई. कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.पूरे नगर में भक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला.

## सीएमएचओ ने किया सांची में अस्पताल का निरीक्षण

**सलामतपुर, 15 मार्च.**जिले में नागरिकों को शासकीय अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर उपचार मिले, इसके लिए कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएमएचओ डॉ. एचएन मांडरे को निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं. इसी क्रम में सीएमएचओ डॉ. एचएन मांडरे द्वारा सांची स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचकर उपचार व्यवस्थाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया. इसके साथ ही उन्होंने एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति की भी जानकारी ली. इस दौरान अनुपस्थित मिले डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ की रजिस्टर के अनुपस्थिति दर्ज करते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए.



## सियरमऊ में गूंजा नंद के आनंद भयो

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठा कथा पंडाल

**सांईखेड़ा, 15 मार्च. ग्राम सियरमऊ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया. कथा वाचक सत्यम 'मधुरम' जी महाराज जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग पर पहुंचे, कथा पंडाल में बैठे पूरा वातावरण 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा.**

श्रद्धालुओं ने खड़े होकर जयकारे लगाए.फूलों की वर्षा की और भक्ति गीतों के साथ जन्मोत्सव की खुशियां मनाई. ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे सियरमऊ की धरती पर ही नंदलाल का अवतार हो गया हो. कथा वाचक सत्यम 'मधुरम' जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म केवल एक घटना नहीं, बल्कि अधर्म के अंधकार में धर्म की रोशनी का प्रकट होना है.जब-जब धरती पर अन्याय और अत्याचार बढ़ता है, तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की रक्षा करते हैं.

# पीले वस्त्रों में कलश लेकर चलीं महिलाएं

### धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

**सांईखेड़ा, 15 मार्च. नगर में रविवार को साहू समाज द्वारा मां कर्मा देवी जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई. इस अवसर पर समाज के लोगों ने धर्मशाला में एकत्रित होकर मां कर्मा देवी के छायाचित्र के समक्ष धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजन-अर्चन किया. इसके बाद गाजे-बाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए.**

शोभायात्रा में पीले वस्त्र धारण किए महिलाएं सिर पर कलश लेकर भजन गाते हुए चल रही थीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया .वहीं युवा डीजे की धुन पर नाचते-गाते चल रहे थे.मां कर्मा देवी की आकर्षक झांकी भी शोभायात्रा में विशेष आकर्षण का केंद्र रही.



शोभायात्रा स्टेट हाइवे-15 स्थित धर्मशाला से प्रारंभ होकर बजरंग चौराहा, गांधी चौक, पुराना बस स्टैंड, गांधी आश्रम और शिवाजी नगर होते हुए भोपाल मार्ग स्थित रॉयल गार्डन पहुंची.मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया.रघुवंशी समाज सहित अन्य समाजों के लोगों ने मां कर्मा देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की. शोभायात्रा रॉयल गार्डन पहुंचने के बाद साहू समाज द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे. कांग्रेस जिला अध्यक्ष व विधायक देवेंद्र पटेल भी शोभायात्रा में शामिल हुए.उन्होंने मां कर्मा देवी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर पुष्पमाला अर्पित की.विधायक पटेल ने कहा कि साहू समाज का अनुशासन और सामाजिक एकता प्रेरणादायक है.अन्य समाजों को भी इससे सीख लेनी चाहिए. युवाओं को सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए.

## व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से जब्त किए घरेलू गैस के सिलेंडर

**रायसेन, 15 मार्च** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा बरेली क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस के दुरुपयोग संबंधी जांच की गई. जांच दल द्वारा क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापामार कार्यवाही करते हुए न्यू राजस्थान स्वीट्स ,गुजराती स्वीट्स, भावसार मिष्ठान, आरवी कैफे, मां नर्मदा रेस्टोरेंट, दीपक रेस्टोरेंट, कुन्नू का ढाबा, द इंडियन रिजॉर्ट आदि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया. उक्त कार्यवाही में आरवी कैफ़े से 2 घरेलू गैस सिलेंडर, मां नर्मदा रेस्टोरेंट से 4 घरेलू गैस सिलेंडर ,दीपक रेस्टोरेंट से 2 घरेलू गैस सिलेंडर, कुन्नू का ढाबा से 3 घरेलू गैस सिलेंडर, आशुतोष ढाबा से 2 घरेलू गैस सिलेंडर, मां नर्मदा ढाबा से 2 घरेल सिलेंडर जब्त किए .

घटना

### क्षेत्र के लोगों ने फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करने की मांग की

# अंबाडी में पहाड़ी पर लगी आग, बड़ा हादसा टला

**सलामतपुर, 15 मार्च. ग्राम पंचायत अंबाड़ी में मुस्काबाद रोड स्थित पहाड़ी पर अचानक आग लग गई. आग इंदिरा आवास कॉलोनी के पास जंगल क्षेत्र में भड़क उठी, जिससे आसपास के घरों में रहने वाले लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया .सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया.**

घटना की जानकारी मिलते ही सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार भी मौके पर पहुंचे और लोगों का हाल-चाल जाना. समय रहते आग बुझा दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि आग के पास ही कई घर मौजूद थे.फिलहाल आग लगने के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है.



सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, दीवानगंज सहित आसपास क्षेत्र में कहीं भी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नही है.आगजनी की घटना होने पर आठ किलोमीटर दूर सांची या बीस किलोमीटर दूर रायसेन से फायर ब्रिगेड बुलाई जाती है. कुछ समय पूर्व भी कस्बे में गेंहू की खड़ी फसल में हुई आगजनी की घटना में भी सांची से फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था. थाना परिसर में हाल में ही हुई शांति समिति की बैठक में सुनारी सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह राजपूत और बबलू पठान ने क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करने को लेकर सुझाव दिया था.

### तीन झोपड़ियां हो गई थीं जलकर खाक

थाना क्षेत्र में कुछ समय पूर्व इंदिरा आवास कॉलोनी स्थित पहाड़ के किनारे दोपहर के समय आग लग गई थी .जिससे पास में बनी सपेरों की झोपड़ियां जलकर खाक हो गई थीं .बता दें कि सूचना लगने पर सांची से फायर बिग्रेड की गाड़ी आ तो गई थी मगर ऊंचाई ज्यादा होने के कारण गाड़ी घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाई .

# 185 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

### सांची में हुआ शिविर का आयोजन, दवाएं बांटीं

**सलामतपुर, 15 मार्च. कृषक सेवा सहकारी संस्था सांची में रविवार को इफ्को-एमसी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही आसपास क्षेत्र से मरीज इलाज कराने पहुंचे. स्वास्थ्य शिविर में 185 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.**

हेल्पेज इंडिया एवं इफ्को-एमसी द्वारा आयोजित शिविर में खून की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर एवं ब्लड ग्रुप की जांच की गई.मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया.साथ ही बुजुर्ग लोगों को स्टिक, वॉकर भी दिए गए. इस कार्यक्रम में डॉ. रवि श्रीवास्तव हड्डीरोग विशेषज्ञ, डॉ. पंकज कुमार जनरल फिजिशियन, डॉ. जयश्री मिश्रा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. चंद्रमोहन मिश्रा छाती रोग विशेषज्ञ ने स्वास्थ्य परीक्षण किया. हेल्पज इंडिया से दीप्ति जोशी, विवेक यादव, नरेंद्र सिंह व इफ्को एम.सी. से टीएमई ओमप्रकाश मेवाड़ा व एमडीए दीपक चंद्रवंशी, ब्रजेश कुमार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक इमरान जाफरी, कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित सांची के प्रबंधक नरेश राजपूत आदि उपस्थित रहे.

